हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
2 अगस्त 2025, श्रावण शुक्ल पक्ष, नवमी, विक्रम संवत् 2082, बरेली

PAGE NO.- 07 : MIDDLE

# स्टेट रैंकिंग टीटी टूर्नामेंट शुरू

## तीन दिवसीय टूर्नामेंट में शामिल होंगे 30 जिलों के करीब चार सौ से ज्यादा खिलाड़ी

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। 12वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुक्रवार को शुभारंभ ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा ने फीता काट, दीप प्रज्वलित करके किया। उद्घाटन समारोह के बाद पहले दिन सब जूनियर ब्वायज, सब जूनियर गर्ल्स, यूथ ब्वायज, जूनियर ब्वायज, जूनियर बालिका और मेंस की स्पर्धाएं हुईं।

बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कमथान, मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय व देश के पहले रैकेट कंट्रोलर अंतर्राष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, टूर्नामेंट के डिप्टी रैफरी पीके जैन, जूनियर नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल और इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के सेक्रेटरी श्याम कुमार आदि रहे।



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी।

### पहले दिन ये रहे विजेता

सब-जूनियर बालक (अंडर 15)
प्री-क्वार्टर फाइनल में केशव खंडेलवाल (आगरा) के वंश गुप्ता, मनित भट्ट (गौतमबुद्ध नगर), आर्यन श्रीवास्तव (गौतमबुद्ध नगर), लक्ष्य कुमार (लखनऊ), अर्नव थापा (गाजियाबाद), शौर्य गोयल (लखनऊ), प्रकुल कुमार (गौतमबुद्ध नगर), आशुतोष गुप्ता (कानपुर) जीते।

### युवा बालक (अंडर 19)

तृतीय राउंड में आर्यन कुमार (प्रयागराज), चित्रांश शाक्य (कानपुर), अंकित पाल (प्रयागराज), शिवम चौरसिया (सुल्तानपुर), अर्नव पंवार (गाजियाबाद), आदित्य सिंह (अलीगढ़), केशव खंडेलवाल (आगरा), मौलिक चतुर्वेदी (आगरा), श्रीसारस्वत (आगरा) जीते।

### सब-जूनियर गर्ल्स अंडर-15 के विजेता खिलाड़ी

प्री क्वार्टर फाइनल में साक्षी तिवारी (लखनऊ), अंकिशा मिश्रा (आगरा), अंशिका गुप्ता (प्रयागराज), अक्षिता (गाजियाबाद), अनोखी केशरी (वाराणसी), अवनीत कौर (गाजियाबाद), शालिनी देवी (प्रयागराज), स्वस्ति चंद्रा (लखनऊ) विजेता बनीं।

### जूनियर गर्ल्स अंडर-17 में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

द्वितीय राउंड में याशिका तिवारी (गाजियाबाद), इशिता रावत (प्रयागराज), सारा ढींगरा (गौतमबुद्ध नगर), श्रेया कुकरेती (गौतमबुद्ध नगर), सौम्या सिंह (वाराणसी), अवनीत कौर (गाजियाबाद), समृद्धि शर्मा (गौतमबुद्ध नगर), सुहानी अग्रवाल (आगरा), अनोखी केशरी (वाराणसी), श्रेया अग्रवाल (आगरा) विजेता बनीं।